# सेंट एंड्रयूज स्कॉट्स स्कूल

एडजेसेंट नवनीतिअपार्टमेंट ,आई.पी.एक्सटेंशन,

पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२५-२६

कक्षा: - तीन | विषय:हिंदी | पाठ: पाठ -७( पर्यावरण)

## कठिन शब्द

१. अपार

२. ज़ाहिर

३. लाभकारी

४. शंकित

५. खुदगर्ज

६. व्यवसाय

८. दुष्परिणाम

८. सक्षम

९. आश्रम

१०. बेसहारा

११. प्रदूषित

१२. संस्कार

**निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए।**

**प्रश्न १. रोहन के जन्मदिन पर किसने गाना गया ?**

**उत्तर -** रोहन के जन्मदिन पर सभी छात्रों और शिक्षिका ने गाना गया ।

**प्रश्न २. जन्मदिन पर रोहन कहाँ जाने वाला था ?**

**उत्तर -** जन्मदिन पर रोहन आश्रम जाने वाला था ।

**प्रश्न ३. आजकल पर्यावरण में क्या बदलाव हो रहा है ?**

**उत्तर -** आजकल पर्यावरण में कई बदलाव हो रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से जलवायु परिवर्तन, प्रदूषण, वनों की कटाई हैं।

**प्रश्न ४. पेड़ - पौधों का क्या महत्व है ?**

**उत्तर -** पेड़ - पौधों का हमारे जीवन में बहुत महत्व है । वे हमें शुद्ध हवा , फल , दवाइयां, लकड़ी प्रदान करते हैं पर्यावरण को संतुलित रखते हैं। सबसे महत्वपूर्ण हमें जीवन के लिए ऑक्सीजन प्रदान करते हैं।

**शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।**

**क) अपार - असीम**

**वाक्य -** समुद्र की गहराई अपार है।

**ख) लाभकारी - फायदेमंद**

**वाक्य -** नियमित व्यायाम स्वास्थ्य के लिए लाभकारी है।

**ग) पर्यावरण - चारों ओर का वातावरण**

**वाक्य -** हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखना चाहिए।

**घ) सक्षम - योग्य**

**वाक्य -** वह सभी कार्य करने में सक्षम है।